# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


# 2026 तक AI बन जाएगा जूनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर जैसा! गूगल वैज्ञानिक जेफ डीन ने दी चेतावनी।


Publisher

Published on 20 May 2025





## 2026 तक AI देगा जूनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर को टक्कर : जेफ डीन

**नई दिल्ली**: **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI)** अब सिर्फ टेक्नोलॉजी का हिस्सा नहीं, बल्कि नौकरियों के लिए एक नई चुनौती बनता जा रहा है। **Google** के **चीफ साइंटिस्ट जेफ डीन** ने बड़ा खुलासा किया है कि **AI** अगले एक साल में उस स्तर तक पहुंच जाएगा, जहां वह **जूनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर** जैसा कार्य कर सकेगा।

**Sequoia Capital के** '**AI Ascent**' कार्यक्रम में बोलते हुए डीन ने बताया कि **AI खासतौर पर कोडिंग, डिबगिंग** और **परफॉर्मेंस ट्यूनिंग** जैसे कार्यों में तेजी से निपुण हो रहा है। उन्होंने कहा, "**AI अब केवल कोड लिखना नहीं सीखेगा, बल्कि वह टेस्टिंग** और अन्य **डेवलपमेंट प्रक्रियाओं** में भी इंसान की तरह दक्ष हो सकता है।"

**AI और सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की टक्कर**
**डीन** ने **Business Insider** से बातचीत में बताया कि AI केवल आइडिया जेनरेट करने का टूल नहीं रहेगा, बल्कि वह वास्तविक कार्य करने में भी सक्षम होगा। उन्होंने कहा कि जैसे एक नया इंजीनियर डॉक्युमेंटेशन पढ़ता है और सीनियर्स से सीखता है, उसी तरह **AI भी वर्चुअल एनवायरनमेंट, डाक्यूमेंटेशन,** और पूर्व अनुभवों से खुद को बेहतर बनाएगा।

उन्होंने कहा, "AI खुद को लगातार अपग्रेड करेगा और एक दिन ऐसा आएगा जब वह जूनियर इंजीनियर जैसी सोच और कार्य क्षमता रखेगा।"

**फ्रेशर्स के लिए खतरे की घंटी**

वर्तमान में जब **IT सेक्टर** में छंटनी और नौकरियों की कमी हो रही है, AI का यह विकास **फ्रेश ग्रेजुएट्स** और **एंट्री-लेवल इंजीनियरों** के लिए चिंता का कारण बन सकता है। **ChatGPT, GitHub Copilot, Google Gemini** जैसे टूल्स पहले ही कई डेवलपर्स का काम आसान बना चुके हैं।

डीन ने ये भी कहा कि AI का यह विकास मानव इंजीनियरों को पूरी तरह नहीं बदल सकता, लेकिन यह निश्चित रूप से इंडस्ट्री में प्रतिस्पर्धा को और बढ़ा देगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.